# आयरन डोम के बाद इजरायल बना रहा 'लेजर की दीवार'

ऐलान

## इजरायल के प्रधानमंत्री नेफ्ताली बेनेट ने देश की सुरक्षा में इस बड़े बदलाव का ऐलान किया



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

तेलअवीव। आयरन डोम हवाई रक्षा कवच के बाद अब इजरायल ने दुश्मन की मिसाइलों को हवा में ही खत्म करने के लिए लेजर की दीवार बनाने जा रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री नेफ्ताली बेनेट ने देश की सुरक्षा में इस बड़े तकनीकी बदलाव का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इजरायल को चारों ओर से लेजर की दीवार से घेर दिया जाएगा ताकि मिसाइलों को बीच रास्ते में ही तबाह किया जा सके।

बेनेट ने एक सुरक्षा कांफ्रेंस में कहा कि इजरायल तेजी से लेजर तकनीक को तैनात करने जा रहा है ताकि देश को रॉकेट हमलों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि अगले एक साल के अंदर देश के दक्षिणी हिस्से में यह श्लेजर की दीवारश बनाकर खड़ी कर दी जाएगी। इजरायली पीएम ने यह भी माना कि आयरन डोम सिस्टम बहुत खर्चीला है। इजरायल की इस लेजर दीवार के बारे में अभी बहुत कम जानकारी सामने आई है लेकिन माना जा रहा है कि इसे जमीन, हवा और समुद्र में तैनात किया जाएगा।

**लेजर की दीवार, नए तरीके का डिफेंस सिस्टमः** इजरायल इस लेजर दीवार की तैनाती करके अपने सबसे बड़ा शत्रु ईरान और उसके सहयोगी हमास को चेतावनी देना चाहता है। बेनेट ने कहा कि अगर एक मिसाइल या रॉकेट को मात्र कुछ डॉलर के एक इलेक्ट्रिक पल्स के जरिए निशाना बनाया जा सकता है तो हमें उस आग के दरिया को बर्बाद करना होगा जिसे हमारी सीमा पर ईरान ने बना रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह नए तरीके का डिफेंस सिस्टम इस इलाके में हमारे दोस्तों की भी मदद कर सकता है।

बता दें कि इजरायल ने पिछले साल जून महीने में एयरबॉर्न लेजर गन की मदद से कई बार टेस्ट में ड्रोन विमानों को मार गिराया था। इजरायल ने इस शानदार उपलब्धि को मील का पत्थर करार दिया था। यह घातक इजरायली सिस्टम किसी भी उड़ती हुई वस्तु जैसे ड्रोन, मोर्टार, रॉकेट, मिसाइल को हवा में ही मार गिराने में सक्षम है। इजरायल ने यह करनामा ऐसे समय पर कर दिखाया है जब दुनियाभर में भविष्य में ड्रोन युद्ध की आशंका तेज होती जा रही है।

**छोटे से विमान पर लादी लेजर गन, फिर आसमान में मची तबाहीः** इजरायल के रक्षा मंत्रालय के शोध और विकास यूनिट के प्रमुख यानिव रोटेम के मुताबिक इस परीक्षण के दौरान एक छोटे से यात्री विमान पर हाई पावर लेजर सिस्टम को लादा गया। इस लेजर सिस्टम ने सफलतापूर्वक हवा में कई ड्रोन विमानों को सफलतापूर्वक तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि ड्रोन, मोर्टार, रॉकेट, मिसाइल को बर्बाद करने वाले इस सिस्टम के नमूने को अगले 3 से 4 साल में बना लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिद्धांत रूप में ही सही आने वाले समय में हमास के रॉकेट से लोहा लेने वाले इजरायल के आयरन डोम सिस्टम में लेजर वेपन को जोड़ दिया जाएगा। आयरन डोम सिस्टम रॉकेट हमले रोकने में प्रभावी है लेकिन काफी महंगा है।

## रूस ने बेलारूस के साथ मिलकर यूक्रेन की सीमा पर किया युद्धाभ्यास शुरू

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कीव। यूक्रेन की सीमा पर 1 लाख 30 हजार सैनिक जमा करने वाले रूस ने बेलारूस के साथ मिलकर यूक्रेन की सीमा पर व्यापक युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। इस महायुद्धाभ्यास के लिए पुतिन ने अपने 2 हजार स्पेट्सनाज सैनिकों को बेलारूस में तैनात कर दिया है। बेलारूस–यूक्रेन की सीमा पर पहले ही 5 हजार रूसी कमांडो मौजूद हैं। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इन रूसी सैनिकों के साथ बेलारूस के भी सैनिक साथ आ सकते हैं जिससे उनकी कुल तादाद 80 हजार तक हो सकती है। बेलारूस की सीमा पर भी हजारों कमांडो तैनात करने से यह डर सताने लगा है कि युद्धाभ्यास के नाम पर रूस और बेलारूस पड़ोसी यूक्रेन पर हमला कर सकते हैं। इन सभी सैनिकों को ट्रेन की मदद से बेलारूस पहुंचाया गया है। ये रूसी सैनिक दुश्मन के इलाके में घुसकर हमला करने में माहिर हैं और दुश्मन की हत्या करने के लिए भी भेजे जाते हैं। पुतिन और बेलारूस के तानाशाह अलेक्जेंडर लुकाशेंको की सेना अपनी युद्धक तैयारियों को जहां परखेगी, वहीं यूक्रेन में इससे तापमान बढ़ सकता है।



ओमीक्रोन संक्रमण के 70 दिनों में 9 करोड़ से ज्यादा मामले

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक ने मंगलवार को कहा कि 10 सप्ताह पहले कोरोना वायरस का ओमीक्रोन वेरिएंट सामने आने के बाद से अब तक संक्रमण के नौ करोड़ से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं, जो कि वर्ष 2020 में सामने आए कुल मामलों से ज्यादा है। गौरतलब है कि वर्ष 2020 में कोविड–19 महामारी की शुरुआत हुई थी। डब्ल्यूएचो के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेबरेसस ने आगाह किया कि हालांकि ओमीक्रोन, वायरस के अन्य स्वरूपों जितना घातक नहीं है फिर भी इससे बचकर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के ज्यादातर क्षेत्रों से मौतों की संख्या में वृद्धि की बेहद डराने वाली खबरें आ रही हैं।

## भीख का कटोरा लेकर विदेश यात्राएं करते हैं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इस्लामाबाद। इमरान खान को अपनी कर्ज मांगने की प्रवृति के लिए भारी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने तो यहां तक कहा है कि, प्रधानमंत्री बनने के बाद इमरान खान ने अपने धन उगाही के कौशल का अच्छा इस्तेमाल किया है। विदेश यात्राओं पर तंज कसते हुए विशेषज्ञों ने कहा कि पीएम का भीख का कटोरा कभी खाली नहीं लौटा है।

राजनीतिक विश्लेषक शब्बीर चौधरी ने अपने ब्लाग में लिखा है कि, पाकिस्तान हाथ में भीख का कटोरा लेकर एक बहुत ही कठिन दौर से गुजर रहा है। देश में लोग मुद्रास्फीति और मूल्य वृद्धि से पीड़ित हैं, हालांकि इमरान खान ने अपने धन उगाहने के कौशल का अच्छा उपयोग किया है। चौधरी ने पीएम पर तंज कसते हुए लिखा कि को धन उगाहने का जबरदस्त अनुभव है। उन्होंने ईधी फाउंडेशन का उदाहरण देते हुए बताया कि इमरान खान की फाउंडेशन के प्रमुख फैसल ईधी से मुलाकात के दौरान वो एक करोड़ रुपये की बड़ी राशि प्राप्त करने में कामयाब रहे थे। जबकि ईधी फाउंडेशन खुद एक कल्याणकारी संगठन है, जो चौरिटी के जरिए फंड जमा करके गरीबों की मदद करते हैं। चौधरी ने

**राजनीतिक विश्लेषकों का इमरान खान पर तंज**

इमरान खान का मजाक उड़ाते हुए कहा, इससे पता चलता है कि वह एक फंडराइजर के रूप में कितने अच्छे हैं। इसके अलावा, इस सप्ताह वह बहुउद्देश्यीय यात्रा के लिए चीन जा रहे हैं।

वह चीन से और पैसे मांगने के अलावा रूस और कजाकिस्तान के राष्ट्रपतियों से भी अनुरोध करेंगे। साथ ही चौधरी ने कहा कि धन उगाहने के अलावा, इमरान खान चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के साथ उस पर भरोसा करने के लिए चीनियों को लुभाने की कोशिश करेंगे। जो कि पाकिस्तानी सरकार की रुचि की कमी, गैरजिम्मेदारी और गलत नीतियों के कारण गंभीर हालातों में है।

## अफगानिस्तान में आज से खुल जाएंगी 150 यूनिवर्सिटी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) काबुल। अफगानिस्तान के उच्च शिक्षा मंत्रालय की घोषणा के अनुसार, देश के सार्वजनिक विश्वविद्यालय बुधवार (2 फरवरी) को फिर से खुलने जा रहे हैं। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने एक ट्विटर पोस्ट में इस कदम की सराहना की है। UNAMA के ट्विटर पोस्ट में कहा गया है, संयुक्त राष्ट्र इस घोषणा का स्वागत करता है कि सार्वजनिक विश्वविद्यालय 2 फरवरी को सभी महिला और पुरुष छात्रों के लिए फिर से खुलने जा रहे हैं। खामा प्रेस ने बताया कि अफगानिस्तान के उच्च शिक्षा मंत्रालय की घोषणा के आधार पर गैर–उष्णकटिबंधीय प्रांत में विश्वविद्यालयों में मार्च में पढ़ाई फिर से शुरू की जाएगी, जबकि बाकी प्रांतों में नया शैक्षणिक वर्ष अप्रैल में शुरू होने वाला है। तालिबान के कब्जे के बाद पूरे अफगानिस्तान में कुल 150 सार्वजनिक विश्वविद्यालय छह महीने के लिए बंद कर दिए गए थे, जिस कारण हजारों छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई थी।

## न्यूज डायरी



### इमरान खान बनाम नवाज शरीफ की जंग में प्रियंका चोपड़ा की एंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पाकिस्तान की राजनीति में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की लंदन से वापसी को लेकर भूचाल मचा हुआ है। नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के लाहौर हाईकोर्ट में एक मेडिकल रिपोर्ट दाखिल करके कहा है कि उनके डॉक्टर ने लंदन छोड़कर नहीं जाने की सलाह दी है। पीएमएल एन नेता की इस मेडिकल रिपोर्ट पर अब इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार शाहबाज गिल ने निजी हमला बोला है। गिल ने दावा किया कि नवाज शरीफ के अमेरिकी डॉक्टर भारतीय मूल के हैं और बॉलीवुड स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ फ्लाइट में उनका विवाद भी हो चुका है। गिल ने नवाज शरीफ पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी हेल्थ रिपोर्ट में अप्रत्यक्ष रूप से इशारा किया गया है कि वे दोबारा शादी कर लें क्योंकि उन्होंने अपने मरीज को ब्रोकेन हर्ट डिजीज से पीड़ित बताया है।

### रूस को घेरने के लिए कर रहे यूक्रेन का इस्तेमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। यूक्रेन को लेकर नाटो देशों के साथ बढ़ते तनाव के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका पर जोरदार निशाना साधा है। पुतिन ने पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका यूक्रेन का इस्तेमाल रूस को घेरने के लिए कर रहा है। उन्होंने आशा जताई कि रूस और पश्चिमी देश यूक्रेन को लेकर चल रहे सुरक्षा संकट का हल तलाश लेंगे। पुतिन ने यह भी कहा कि रूस अमेरिका और नाटो देशों की ओर से भेजे गए जवाब का अध्ययन कर रहा है। हालांकि पुतिन ने यह भी कहा कि अमेरिका और नाटो के जवाब पर्याप्त होने से काफी दूर हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों ने रूस की प्रमुख सुरक्षा मांगों की अनदेखी की है। यूक्रेन पर पश्चिमी देशों के साथ गतिरोध पर एक महीने से अधिक समय में पुतिन ने अपनी पहली टिप्पणी में पश्चिमी देशों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया।

### पाकिस्तानी हिंदू व्यापारी से कहा जिंदा रहना चाहते तो भारत चले जाओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के घोटकी जिले में रात को एक हिंदू व्यापारी की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मारे गए हिंदू व्यापारी की पहचान सुतान लाल देवान था। सुतान ने पुलिस से गुहार लगाई थी कि उन्हें हत्या की धमकियां दी जा रही हैं लेकिन पाकिस्तानी पुलिस के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। हमलावरों ने सुतान को धमकी दी थी कि अगर जीना चाहते तो भारत चले जाओ। पाकिस्तान पर मर मिटने वाले सुतान ने कहा कि वह अपनी मातृभूमि को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक सुतान एक कपड़ा फैक्ट्री का उद्घाटन करके लौट रहे थे और रास्ते में ही उन पर हमला हो गया। इस हमले में उनके एक रिश्तेदार हरीश कुमार घायल हो गए हैं और उन्हें रहीमयार खान के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसा दूसरी बार है जब एक व्यापारी के जीवन को निशाना बनाया गया है।

### कैंसर के खिलाफ जंग में अच्छी खबर, बीमारी को रोक सकते हैं टीके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फ्लोरिडा (अमेरिका)। दुनियाभर में करीब 20 प्रतिशत कैंसर वायरस के कारण होते हैं। किसी व्यक्ति के इन वायरस से संक्रमित होने के तुरंत बाद उसे कैंसर नहीं होता, लेकिन ये वायरस संक्रमित कोशिकाओं को सिखाते हैं कि कोशिका के नष्ट होने की प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया से कैसे बचा जा सकता है। इसके कारण ये कोशिकाएं अन्य आनुवंशिक बदलावों से गुजरती हैं और आगामी वर्षों में कैंसर का कारण बनती हैं। सूक्ष्म जीव विज्ञानी और विषाणुओं के अनुसंधानकर्ता होने के नाते मैं यह जानने की कोशिश करता हूं कि वायरस जीवित कोशिकाओं और संक्रमित लोगों के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करते हैं। ये विशेष वायरस मरीजों को प्रभावित करने और उनके उपचार के संभावित तरीकों के संदर्भ में अनूठे और दिलचस्प होते हैं। सभी ज्ञात वायरस को 22 विशिष्ट परिवारों में वर्गीकृत किया जा सकता है।